बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या– 26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा TRE-01

विज्ञापन संख्या–26/2023, विद्यालय अध्यापक नियुक्ति परीक्षाफल से संबंधित कोई शिकायत/ आपत्ति हो तो शपथ–पत्र के माध्यम से अभ्यर्थी आयोग के वेबसाइट www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर अपने Login Id एवं Password से Login करने के उपरांत अपने Dashboard पर जाकर दिनांक– 29.10.2023 से 12.11.2023 तक दर्ज करने की सूचना दिनांक 27.10.2023 को निर्गत किया गया था। उक्त सूचना के आलोक में अभ्यर्थियों के द्वारा अपनी–अपनी आपत्ति आयोग के पोर्टल पर दिनांक 29.10.2023 से 12.11.2023 तक दर्ज कराया गया था। कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा दूरभाष से सूचित किया गया है कि दिनांक 31.10.2023 से 03.11.2023 तक की अवधि में दर्ज कराए गये आपत्ति का निराकरण नहीं हुआ है। जाँचोंपरांत पाया गया कि दिनांक 31.10.02023 से 03.11.2023 तक आयोग के Grievance Portal पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं है।

ऐसे अभ्यर्थियों जिनके द्वारा निर्धारित अवधि में यदि आपत्ति दर्ज की गई है और इस संबंध में उनके पास साक्ष्य उपलब्ध है तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिए Grievance Portal को दिनांक 23.12.2023 से 25.12.2023 तक पुनः Activate किया जा रहा है।

विज्ञापन संख्या–26/2023 के वैसे सभी अभ्यर्थियों को जिन्होनें उक्त अवधि में अपनी शिकायत दर्ज करायी गई है और उनका अनुक्रमांक प्रदर्श नहीं हो रहा है, को सूचित किया जाता है कि वे अपने शिकायत पूर्व में बनाये गये शपथ–पत्र के साथ दिनांक 23.12.2023 से 25.12.2023 तक Grievance Portal पर Upload करना सुनिश्चित करें। Upload करने के उपरांत अभ्यर्थी आश्वस्त हो ले कि उनके Dashboard पर Grievance Date अंकित हो गया है। यह सुविधा मात्र वैसे अभ्यर्थियों के लिए है जो पूर्व में शिकायत दर्ज कराये है और उनके पास उसका साक्ष्य उपलब्ध है। नये शिकायत आवेदन–पत्र अनुमान्य नही होगें।

वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक 31.10.2023 से 03.11.2023 तक Grievance Portal पर अपनी आपत्ति दर्ज नहीं किए थे, के द्वारा यदि नये सिरे से आपत्ति की जाती है तो माना जाएगा कि उनके द्वारा आयोग के आदेश की अवहेलना की गयी है, जिसके लिए आयोग उनके विरूद्ध कठोर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

22/12/2023

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक **TRE-01**
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना